राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency

जितेन्द्र श्रीवास्तव, भा0प्र0से0
सचिव, स्वास्थ्य सह
कार्यपालक निदेशक

पत्रांकः– SHSB/MCH/95/2010-P-I/...590
पटना दिनांकः...27.04.16

सेवा में,
सभी जिला पदाधिकारी / सिविल सर्जन
बिहार

विषयः परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत Fixed Day Static Services (FDS) सेवा के क्रियान्वयन के संबंध में।

महाशय / महाशया,

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2015–16 में राज्य द्वारा पूरे राष्ट्र में सर्वाधिक परिवार कल्याण ऑपरेशन सम्पादित किया गया है, जो कि आपलोगों द्वारा किये गये दिशाबद्ध प्रयास एवं लक्ष्य प्राप्ति के प्रति आतुरता का प्रतीक है। अपेक्षित है कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार प्रगतिमय रहते हुए कार्यक्रम के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। परिवार नियोजन कार्यक्रम के सफल गुणवत्तापूर्ण संचालन से जनसंख्या स्थिरीकरण के अतिरिक्त मातृ–मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर भी न्यूनतम स्तर पर लाया जा सकता है।

आप अवगत है कि राज्य का कुल प्रजनन दर (3.4 NFHS4, 2015) पूरे राष्ट्र में सर्वाधिक है, साथ हीं परिवार नियोजन हेतु अपूरित मांग (31.5%) भी काफी ज्यादा है। सर्वविदित है कि राज्य में परिवार नियोजन ऑपरेशन अधिकांशतः वर्ष के उत्तरार्ध में हीं कैम्प के माध्यम से किया जाता है, जिसके फलस्वरूप अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाती है एवं गुणवत्ता भी प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

उक्त गुणवतापूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक है कि पूरे वर्ष नियमित रूप से परिवार नियोजन (बंध्याकरण / नसबंदी / अन्य अस्थाई गर्भनिरोधक) सुविधाओं की उपलब्धता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक सुनिश्चित की जाए।

अतः इस बात पर जोर देने की आवश्यकता है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सप्ताह में दो निश्चित दिन (मंगलवार एवं बृहस्पतिवार / स्थानीय कारणों को देखते हुए किसी भी दो दिन) Fixed Day Services (FDS) सेवा निर्धारित किये जाये। इस दिन सेवा प्रदाताओं द्वारा नियमित तरीके से परिवार नियोजन ऑपरशेन की सुविधा प्रदान की जाए, जिससे जनसंख्या स्थिरीकरण के लक्ष्य के साथ–साथ गुणवत्तायुक्त परिवार नियोजन ऑपरेशन सेवा प्रदान करने के दोहरे लक्ष्य की प्राप्ति का रास्ता प्रशस्त हो सकेगा।

Fixed Day Services (FDS) सेवा एक दीर्घकालिक रणनीतियों में से एक है जिससे कि परिवार कल्याण की सभी सुविधाएँ सालों भर नियमित एवं सामान्य तरीके से प्रदान किया जाना है, जिसमें गुणवत्ता का महत्वपूर्ण स्थान होता है।

उक्त गतिविधि को क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक है किः

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर प्रत्येक माह आयोजित होने वाले आशा दिवस एवं ए0एन0एम0 की मासिक बैठक के दौरान आशा एवं ए0एन0एम0 को सामुदायिक स्तर पर Fixed Day Services का प्रचार–प्रसार हेतु निदेशित किया जाए।
- साथ ही साथ आशाओं को उस दिन आदर्श दम्पत्ति योजना का भी संदेश देकर Fixed Day Services में आदर्श दम्पत्तियों की ज्यादा से ज्यादा उपलब्धता एवं समायोजन को भी सुनिश्चित करने का वृहत लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

- राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के ज्ञापांक 5516 दिनांक 25.08.2015 में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार परिवार कल्याण ऑपरेशन के Fixed days (मंगलवार और वृहस्पतिवार/सप्ताह के किसी दो दिन) के पूर्व इच्छुक एवं योग्य लाभार्थियों का निबंधन एवं Microplan तैयार कर लिया जाए।
- आंगनवाड़ी/ए0एन0एम0 द्वारा आमजनों के मध्य (विशेष–तौर से VHSND दिवस/महिला मंडल की बैठक इत्यादि पर) बंध्याकरण/नसबंदी/कॉपर–टी/गर्भ–निरोधकों से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाना है। इस कार्य में विकास मित्र, जीविका सहेली का इष्टतम उपयोग किया जा सकता है।
- यह भी सुनिश्चित हो कि प्रत्येक जिला अस्पताल तथा अनुमंडल/रेफरल अस्पताल में प्रतिदिन नियमित बंध्याकरण/नसबंदी की सुविधा उपलब्ध रहे।
- प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर Empanelled सेवा प्रदाताओं को उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए PPP Model के तहत् निजी संस्थान/NGO/निजी चिकित्सक के साथ संबंधित सिविल सर्जन अविलंब एकरारनामा (MoU) कर उनका सहयोग लेना सुनिश्चित करेंगे।
- संबंधित संस्थान Fixed Day Services को निर्धारित करते हुये सूचना पट्ट/अन्य उचित स्थल पर इसे प्रदर्शित करेंगे एवं पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को दिनांक 30.04.2016 तक अचूक रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त कार्य को संपादित करने हेतु प्रमण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य सेवायें) एवं क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक के साथ क्षेत्रीय आशा समन्वयक सतत् अनुश्रवण कर अपने संबंधित जिले में FDS सेवा का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार जिला स्तर पर कार्य कर रहे परिवार कल्याण नोडल पदाधिकारी/ACMO एवं नोडल सलाहकार (डी0सी0एम0/डी0पी0सी0) की भूमिका अहम होगी। तदनुकूल, प्रखण्ड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय परिवार कल्याण नोडल पदाधिकारी, बी0एच0एम0 एंव बी0सी0एम0 FDS सेवा स्थापित करने में निरंतरता के साथ सक्रिय रहेंगे।

विश्वासभाजन,

२७/५

(जितेन्द्र श्रीवास्तव)

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014,
दूरभाष: 0612-2290340, 2281545, फैक्स: 2290322,
वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org